दिनांक 22.07.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/नेहरु नगर जोन 01 के अंतर्गत आने वाले वार्ड 69 हुडको के विभिन्न स्थानों में डामरीकरण कार्य के लिए 149.95 लाख रुपये तथा चन्द्रा मौर्या अण्डरब्रिज में जल भराव को रोकने के लिए तैयार योजना की व्यय राशि 1 करोड़ रुपये की मांग शासन से अनुदान राशि के रुप में स्वीकृत करने हेतु पत्र लिखे जाने की अनुशंसा के साथ नेहरु नगर पूर्व स्थित तिलक उद्यान में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की मूर्ति जन भागीदारी से स्थापित किये जाने की स्वीकृति प्रदान करते हुए निगम महापौर परिषद ने संविदा नियुक्ति के दो प्रकरणों को निरस्त कर दिया।

बैठक में नेहरु नगर पूर्व में स्थित तिलक उद्यान में महाराष्ट्र स्नेह मंडल नेहरु नगर के अध्यक्ष द्वारा कलेक्टर जनदर्शन में प्रस्तुत आवेदन के आधार पर संस्था की ओर से तिलक उद्यान में महापुरुष लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की मूर्ति स्थापना कर उसकी सम्पूर्ण देखरेख की जिम्मेदारी संस्था द्वारा उठाये जाने की मंशा के अनुरुप महापौर परिषद ने जनभागीदारी से किये जाने हेतु इस कार्य के लिए अपनी स्वीकृति प्रदान किया है। नेहरु नगर अनुविभाग जोन 01 अंतर्गत वार्ड 69 हुडको के विभिन्न स्थानों में डामरीकरण हेतु सहायक अभियंता द्वारा राशि 145.95 लाख रुपये का प्राक्कलन रोड एस.ओ.आर. तैयार कर प्रस्तुत किया गया, जिसपर परिषद ने वार्ड 69 शहीद कौशल नगर दक्षिण (हुडको) क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में डामरीकरण कार्य हेतु प्रशासकीय स्वीकृति एवं निविदा आमंत्रित करने की अनुमति प्रदान करते तथा राशि 149.95 लाख रुपये की शासन से अनुदान राशि की स्वीकृति हेतु पत्र लिखे जाने की अनुमति महापौर परिषद द्वारा प्रदान किया गया है।

बैठक में महापौर देवेन्द्र यादव, आयुक्त के0एल0 चौहान, महापौर परिषद के सदस्य नीरज पाल, लक्ष्मीपति राजू, दुर्गा प्रसाद साहू, केशव बंछोर, जोहन सिन्हा, सुशीला देवांगन, सुश्री सोसन लोगन, सचिव जीवन वर्मा उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी